हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 24 नवंबर 2025
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर नहीं पहुंच रही दवा, प्रभारी सचिव ने जताई नाराजगी

खबर संक्षेप

खीस्त राजा पर्व पर निकली शोभायात्रा

जशपुरनगर। शहर में रविवार को खीस्त राजा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर संत इग्नासियुस चर्च शांति भवन में विशेष मिस्सा पूजा संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में खीस्तीय विश्वासी शामिल हुए। प्रातः 7 बजे खीस्तीय समुदाय द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका प्रारंभ करबला मैदान से होकर जैन स्कूल, बस स्टैंड, महाराजा चौक, हॉस्पिटल, जेल रोड एवं कलेक्ट्रेट मार्ग से होते हुए शांति भवन गिरजाघर में समापन हुआ। फादर फुलजेंस एक्का ने बताया कि ईसाई पूजन पद्धति में नवंबर का अंतिम रविवार पारंपरिक रूप से खीस्त राजा पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसके बाद नए पूजन वर्ष की शुरुआत होती है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खीस्तीय धर्मावलंबियों ने शोभायात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में काथलिक सभा कार्यकारिणी, महिला संघ व युवा संघ का विशेष सहयोग रहा।

धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए है अच्छी व्यस्था

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले के सभी 46 धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। पत्थलगांव विकास खंड के तमता धान खरीदी केन्द्र में किसान अनिल कुमार भगत धान बेचने पहुंचे उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र में अच्छी व्यस्था है धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उनके पिता श्री सेतराम भगत के नाम से सोसायटी में धान बेचने के लिए पंजीयन हुआ है। उन्होंने बताया कि वे प्रति वर्ष इसी केंद्र में धान बेचते हैं और इस वर्ष भी सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हैं। किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।

कुम्दा साइडिंग में कोल गुणवत्ता सुधार को लेकर बैठक

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को कुम्दा साइडिंग स्थित कोयला नमूना तैयारी कक्ष में आयोजित बैठक में विशेषज्ञों, तकनीकी अधिकारियों और फील्ड स्टाफ ने एक साथ बैठकर कई बिंदुओं पर मंथन किया, यहां पर क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह के अलावा सैंपल सहायक, सैंपल सुपरवाइज़र और तकनीकी निरीक्षकों की मौजूदगी में बैठक हुई,कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आधुनिक खदान प्रबंधन में कोयला गुणवत्ता ही वह आधार है,जो कंपनी की छवि, मूल्य और उपभोक्ता विश्वास को सुनिश्चित करता है,सैंपलिंग प्रक्रिया में की गई एक छोटी सी त्रुटि भी करोड़ों के उत्पादन और ग्रेडिंग को प्रभावित कर सकती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

जशपुर की करमा नृत्य टीम ने जिले का बढ़ाया मान

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

करमा नृत्य टीम को पुरस्कार देती राष्ट्रपति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की पारंपरिक कला और संस्कृति ने एक बार फिर पूरे राष्ट्र में अपना परचम फहराया है। टाटीडांड की जय माता दी करमा नृत्य पार्टी ने राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया। टीम ने न केवल उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक कला महोत्सव (करम महोत्सव) में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2 लाख रुपए जीता, बल्कि शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर 50 हजार रुपए का पुरस्कार भी प्राप्त किया। इस प्रकार कुल 2.50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि जीतकर जशपुर के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 20 नवम्बर को अंबिकापुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मंच पर आमंत्रित कर जशपुर की विजेता टीम को स्मृति चिन्ह और चेक राशि भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान मंच में मौजूद राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी ताली बजाकर टीम के सदस्यों की उपलब्धि पर खुशी जताई। जशपुर की इस शानदार उपलब्धि ने जिला ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के जनजाति संस्कृति को गौरवान्वित किया।

40 सदस्यों ने दी मनमोहक प्रतुति

जनजातीय नर्तक दलों को प्रदर्शन हेतु उचित मंच प्रदान करने, पारंपरिक नृत्य शैली के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दोनों नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन 19 नवम्बर 2025 को अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में किया गया था। इसमें सरगुजा संभाग के 6 जिलों सहित बिलासपुर संभाग के 3 जिले बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ से आए नृत्य दलों के बीच जशपुर की टीम ने पारंपरिक वेशभूषा, मांदर की थाप, लयबद्ध ताल और भावपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया। सम्मान समारोह के दौरान 20 नवम्बर को राष्ट्रपति के समक्ष जशपुर की 40 सदस्यीय करमा नृत्य पार्टी द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

दी आकर्षक प्रस्तुति

महिला एवं पुरुष कलाकारों ने मिलकर एकरूप लय में पारंपरिक गीत और मांदर की मधुर धुन पर ऐसा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं जनसमूह का मन मोह लिया। पारंपरिक परिधान, गीत, नृत्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति ने जशपुर की जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। टीम की इस सफलता से जशपुर की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हुई है तथा जिले के कलाकारों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित हुआ है। यह उपलब्धि न केवल टीम के लिए, बल्कि पूरे जशपुर जिले के लिए गर्व का विषय है।

जशपुर के तैराकों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

- सतेंद्र राम ने जीता रजत पदक, खिरोसिंधु नायक अब दिल्ली में दिखाएंगी दमखम

जशपुरनगर। जिले के तैराक लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा बनाते हुए जिले और प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं। हैदराबाद में पंद्रह से अठारह नवंबर तक आयोजित पच्चीसवीं राष्ट्रीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में जशपुर के उभरते तैराक सतेंद्र राम ने छत्तीसगढ़ की ओर से हिस्सा लेते हुए असाधारण प्रदर्शन किया। उन्होंने पचास मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में शानदार तैराकी करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। सतेंद्र की इस सफलता ने जशपुर के खेल इतिहास में एक और प्रेरक अध्याय जोड़ दिया है और जिले भर में उत्साह का माहौल है।

इधर जशपुर की प्रतिभाशाली तैराक खिरोसिंधु नायक भी राष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। नई दिल्ली में तीस नवंबर से पाँच दिसंबर तक आयोजित होने वाली उन्नसठवीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा तैराकी प्रतियोगिता में वे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। खिरोसिंधु नायक एकलव्य खेल अकादमी जशपुर की मेधावी खिलाड़ी हैं और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही हैं। छत्तीसगढ़ तैराकी दल अट्ठाईस नवंबर को बिलासपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना होगा और पूरे प्रदेश की निगाहें इस युवा खिलाड़ी पर टिकी हुई हैं।

जशपुर के खेल जगत में तैराकी से जुड़ी ये उपलब्धियां जिले की प्रतिभा और अनुशासन को दर्शाती हैं। खेलप्रेमियों ने दोनों तैराकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई कि वे आने वाले वर्षों में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जशपुर का नाम रोशन करेंगे।

जीईएम पोर्टल की कार्यशाला 25 से 27 तक

जशपुरनगर। जिले में विभागों एवं उद्यमियों को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से सामाग्रियों की खरीदी एवं उपलब्धता सुनिशिचित करने हेतु 25 से 27 नवंबर तक जीईएम पोर्टल की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अनुसार 25 नवंबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष पत्थलगांव, 26 नवम्बर को जनपद पंचायत सभाकक्ष कुनकुरी एवं 27 नवंबर 2025 को मंत्रणा सभाकक्ष कलेक्ट्रेट जशपुर में समय प्रातः 11 बजे से 1बजे तक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सर्व उद्यमी यथा निर्माता, अधिकृत विक्रेता, ट्रेडर, एफपीओ समूह, स्वयं सहायता समूह इत्यादि सम्मिलित होकर जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ले सकते है। कार्यक्रम में उद्यमियो का ऑनस्पॉट पंजीयन भी किया जावेगा। जिस हेतु आवश्यक दस्तावेज पेन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाईल नम्ब, एमएसएमई. उद्यम रजिस्ट्रेशन, बैंक जानकारी, ई-मेल आईडी की आवश्यकता होगी। कार्यक्रम में सभी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बना सकते है।

पुलिस ने फिर तस्करों के चंगुल से गायों को छुड़ाया, तीन गौ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस के द्वारा पुनः सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत 5 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराते हुए, तीन आरोपी गौ तस्करों को पकड़ने में भी सफलता मिली है।

पुलिस के अनुसार 21 नवंबर की शाम करीब 5 बजे सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति सारुडीह जंगल के रास्ते गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते हुए, तेजी से पैदल हांक कर झारखंड राज्य की ओर ले जा रहे हैं। जिस पर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, तत्काल सिटी कोतवाली जशपुर की पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर देखा गया तो पाया कि 03 व्यक्ति जंगल के रास्ते 05 नग गौ वंशों को पैदल हांक कर, मारते पीटते हुए तेजी से ले जा रहे हैं, जिस पर पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, घेराबंदी की गई, व मौके से 05 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से सकुशल छुड़ाया गया, साथ पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहे, तीनों गौ तस्करों को पीछा कर, उन्हें हिरासत में लिया गया।

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी तस्करों ने अपना नाम आफताब राय उम्र 25 वर्ष। असलम राय उम्र 40 वर्ष। लगनू राम उरांव उम्र 45 वर्ष बताया। सभी निवासी रातु जिला रांची, (झारखंड)। के रहने वाले हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली बीएलओ हुई सम्मानित

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा निर्देश में जिले में एसआईआर कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में पत्थलगांव विकास खंड के एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन ने ग्राम घरजियाबथान के बूथ लेवल ऑफिसर रजनी नाग भाग क्रमांक 207 के द्वारा एसआईआर के कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने पर एसडीएम श्री बिसेन और अतिरिक्त तहसीलदार पत्थलगांव द्वारा बीएलओ रजनी नाग के घर ग्राम बासाटिकरा पहुंच कर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

एनईएस कॉलेज में मना एनसीसी दिवस

जशपुरनगर। 28 बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल प्रवीण तवीत्या की निर्देशानुसार शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स ने 78वां एनसीसी दिवस मनाया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ केके प्रसाद ने मंच के सामने एनसीसी ध्वज का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एनसीसी गीत गाया गया। उसके बाद प्राचार्य के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय से रैली निकाली जो रक्षित केंद्र, जैन मंदिर, बस स्टैंड, महाराजा चौक होते हुए रक्षित केंद्र से महाविद्यालय वापस हुई। जिसमें देश से जुड़े नारे लगाए गए। उसके बाद महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि एनसीसी (नैशनल कैडेट कोर) भारत में एक प्रतिष्ठित और राष्ट्रीय सेवा संगठन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन और समाज सेवा के प्रति जागरूक करना है। एनसीसी दिवस पर भूतपूर्व एनसीसी कैडेट सर्वेश्वर सिंह ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी दिए जाते हैं। आरडीसी कैंप चयनित हो सकेंगे।यह दिन युवा पीढ़ी को प्रेरित करता है कि वे अपनी कर्तव्यों को समझें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं।

नशेड़ी पति ने पत्नी की हत्या कर कुएं में फेंकी लाश

बिहारपुर। पत्नी की कहासुनी से नाराज नशेड़ी पति ने डंडे व सिलबट्टे से हमला कर बेहरमीपूर्वक पत्नी की हत्या कर दी तथा साक्ष्य को छिपाने के लिए मृतिका की लाश को पास के कुएं में फेंक दिया। आरोपी पति ने लाश के ऊपर पुआल डाल दिया ताकि किसी की नजर ना बड़े। छोटे बेटे की सूचना पर मृतिका की लाश को कुएं से बरामद हो गई। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया है। सूरजपुर जिले के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवाटोला माझापारा निवासी अशोक राजक आदतन नशेड़ी है तथा नशे में वह आए दिन अपनी पत्नी देव कुमारी के साथ विवाद और मारपीट करता था। बीटी रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा तथा पत्नी देव कुमारी से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढने पर उसने डंडे व सिलबट्टे से देवकुमारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

सम्मान स्वरूप श्रीफल और साड़ी भेंट की गई

नगर पंचायत कोतबा में 20 मितानिनों का सम्मान

कोतबा। मितानिन दिवस पर 23 नवंबर को नगर पंचायत कोतबा के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली मितानिनों के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत की उपाध्यक्ष सुमन सुनील शर्मा रहीं। उन्होंने न सिर्फ मितानिनों के अथक परिश्रम को सराहा, बल्कि उनके 25 वर्षों की निस्वार्थ सेवा को भी विशेष पहचान दी। सभागार में नगर पंचायत क्षेत्र की 20 मितानिन बहनें उपस्थित थीं। उपाध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने स्वास्थ्य योद्धाओं के रूप में मितानिनों के निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की और उनका अभिनंदन किया।

मितानिनों के निस्वार्थ सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज के स्वास्थ्य आधारस्तंभ हैं। इस सम्मान से मितानिनों का हौसला बढ़ाया। सभी को उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए बधाई दी और सम्मान स्वरूप श्रीफल और साड़ी भेंट की। यह सम्मान मितानिनों के प्रति कृतज्ञता और प्रोत्साहन व्यक्त करने का एक माध्यम था। सबसे खास बात यह रही कि मितानिन कार्यक्रम के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष केक कटिंग का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष श्रीमती शर्मा और मितानिन बहनों ने मिलकर केक काटकर बधाई दी इस क्षण सभी उपस्थित लोगों के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय रहा। कार्यक्रम में मितानिन सरस्वती सारथी, ललिता साहू, हेमलता साव, सुनीता चौहान, ललिता सिदार, गौरी सिदार, उर्मिला तिर्की, विमला किस्पोट्टा, क्रान्ति गुप्ता, मीरा देवी,अनिता बंजारा, सुलोचना साहू, मेम बाई, बसंती साहू, उमा साहू, धनमती शर्मा, चंद्रकला पैकरा, शांति यादव, हेमलता पैकरा, रुकमणी चौहान, कुसुम पैंकरा, परमानंद पैंकरा सहित सभी 20 मितानिन शामिल रही।

मितानिनों को स्वास्थ्य सेवा का आधार बताया

अपने उद्बोधन में उपाध्यक्ष सुमन सुनील शर्मा ने मितानिनों के कार्यों की हृदय से प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "मितानिनें हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। 25 वर्षों से, इन बहनों ने घर-घर जाकर, हर मौसम में, बिना रुके जिस तरह से माताओं, शिशुओं और आम जनता की सेवा की है, वह अभूतपूर्व है।मितानिनें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी, खासकर कोरोना काल में, मितानिनों द्वारा किए गए जोखिम भरे कार्यों की प्रशंसा की।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

इंटरनेशनल हेरिटेज फेस्टिवल में शामिल होंगे युवा आयोग के अध्यक्ष

अंबिकापुर। त्रिपुरा में आयोजित इंटरनेशनल हेरिटेज फेस्टिवल में प्रदेश के राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल होंगे।

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में होने वाले इस इंटरनेशनल हेरिटेज फेस्टिवल में देश के विभिन्न राज्यों से 375, नेपाल से 12, श्रीलंका से 6, अफ्रीका से 7 देशों से 17 प्रतिभागी शामिल हो रहे है। 20 से 26 नवम्बर तक चलने वाले इस फेस्टिवल का उद्घाटन त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने किया। 22 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर भी इस फेस्टिवल में शामिल होने अगरतला पहुंचे। श्री तोमर 22 से 25 नवंबर तक इस फेस्टिवल में रहेंगे तथा युवाओं को आगे बढ़ाने के साथ ही विरासत से जुड़ने के क्षेत्र में भी यहां बात होगी। सात दिवसीय यह कार्यक्रम विभिन्न मतों, भाषाओं, क्षेत्रों के होते हुए भी युवाओं को अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए किस दिशा में और कैसे काम करना है इसका जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करेगा। छत्तीसगढ़ की भव्य विरासत एवं विविधताओं से भी इस इंटरनेशनल यूथ फेस्टिवल में विश्व विजय सिंह तोमर अवगत कराएंगे।

आकाश सोनी को डिप्टी सीएम ने सौंपा पदस्थापना आदेश



राजपुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर के होनहार युवक एवं सोनार समाज राजपुर के अध्यक्ष सुरेश सोनी तथा राजेश सोनी के पुत्र आकाश सोनी को लोक निर्माण विभाग में सिविल इंजीनियर के पद पर जिला मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में पदस्थापना आदेश प्रदान किया है। आकाश सोनी आरंभ से ही पढ़ाई में प्रतिभाशाली और मेहनती रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, बसदेई में हुई। इसके पश्चात उन्होंने पॉलिटेक्निक अंबिकापुर से तकनीकी शिक्षा प्राप्त की और फिर भिलाई से बीई आर्किटेक्चर सहित अन्य उच्च तकनीकी डिग्रियां हासिल कीं। अपनी कठिन मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर आकाश ने पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करते हुए लोक निर्माण विभाग तथा जल संसाधन विभाग की भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल परिवार, बल्कि समाज और नगरवासियों में भी हर्ष की लहर है।

उत्साह पूर्वक मनाया गया 77वां एनसीसी दिवस समारोह

अंबिकापुर। शनिवार को शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 77वां एनसीसी दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह में एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, देशभक्ति एवं समर्पण की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कलेक्टर सरगुजा ने एनसीसी ध्वज के ध्वजारोहण के साथ किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पश्चात जूनियर डिवीजन के कैडेट्स ने परेड निरीक्षण, सलामी एवं आकर्षक परेड की प्रस्तुति दीं। एनसीसी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहा। एनसीसी अधिकारी नवनीत त्रिपाठी ने इस अवसर पर एनसीसी के इतिहास, उद्देश्य एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति जागृत करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह का समापन वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने भी एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडवर्ड टोप्पो, श्रीमती रीना रानी सहाय, शैलेंद्र सिंह सेंगर, प्रकाश एक्का, फलेंद्र साहू, संतोष साहू, रमेश राय, राजेश अम्बष्ट, श्रीमती कुसुम गुप्ता, कुमारी आराधना टोप्पो एवं विद्यालय के अन्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

हड़ताली कर्मचारियों ने दी ज्वाइनिंग

धान उपार्जन केन्द्रों में छाई वीरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खास बात

- अभी भी टोकन के लिए भटक रहे किसान

धान खरीदी को लेकर चल रही परेशानियां अब खत्म होने वाला है। शासन की सख्ती के बाद सहकारी समितियों के प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारियों ने सोमवार से अपना कार्यभार सम्भालने का निर्णय लिया है। धान खरीदी प्रारंभ हुए एक सप्ताह हो गया है लेकिन अभी भी अधिकांश केन्द्रों में वीरानी छायी है।

धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही प्रदेश भर के समिति प्रबंधक, ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मागों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। कर्मचारियों द्वारा समितियों से दूरी बनाने के कारण शासन द्वारा समितियों में शासकीय कर्मचारियों को तैनात कर धान खरीदी प्रारंभ कराई गई थी। प्रथम दिन कुछ समितियों में धान की खरीदी की गई जबकि कई समितियों में प्रभारियों के नहीं पहुंचने से ताला लटका रहा। प्रशासन द्वारा अब सभी समितियों में प्रभारी सहित अन्य कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है लेकिन अभी भी विभिन्न समितियों में किसानों को टोकन के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि अभी भी किसान धान की कटाई-मिसाई में व्यस्त हैं। अभी अधिकांश किसानों का धान खलिहानों में पड़ा है। जिन किसानों का धान तैयार हो गया है वे टोकन के लिए समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। प्रभारियों ने सोमवार से किसानों को टोकन जारी करने का आश्वासन दिया है। इधर हड़ताली कर्मचारियों पर सख्ती करने के बाद समिति प्रबंधकों सहित अन्य कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। शासन ने धान खरीदी को अत्यावश्यक सेवा बता हड़ताली कर्मचारियों के विरूद्ध एस्मा के तहत बर्खास्तगी, एफआईआर सहित अन्य कार्रवाई से कर्मचारियों ने हतोत्साहित होकर अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है तथा सोमवार से आपना कार्यभार संभालने के साथ ही धान खरीदी प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों के अपने कार्यस्थल पर लौटने के कारण अब धान खरीदी में कोई समस्या नहीं होगी। अभी भी अधिकांश समितियों में धान खरीदी से सम्बंधित आवश्यक तैयारियां पूरी नहीं हो सकी है। कई समितियों में बारदाने की कमी है जबकि अधिकांश में धान का तौल कराने, बारदानों की सिलाई एवं स्टॉक लगाने के लिए हमालों की व्यवस्था नहीं हो पाई है। विभाग द्वारा अब प्रमुखता पूर्वक राशन दुकानों का खाली बारदाना एकत्र कर समितियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति के कर्मचारियों को अभी धान खरीदी का प्रभार नहीं सौंपा गया है।

वीरान धान उपार्जन केन्द्र।

17 केन्द्रों में हुई धान की आवक

इस बार खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक शुरू हो गई है। सरगुजा के 54 धान उपार्जन केन्द्रों में से 17 में धान की आवक शुरू हो गई है। इन केन्द्रों में एक सप्ताह में 1070.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। प्रारम्भिक दिनों में सबसे अधिक धान खरीदी सूरजपुर के उपर्जन केन्द्रों में की गई है। सूरजपुर जिले के 54 उपार्जन केन्द्रों में 16 में धान की आवक हुई है तथा अब तक 2022.36 टन धान की खरीदी की गई है। इसी तरह बलरामपुर जिले के 49 उपार्जन केन्द्रों में से 25 में धान की आवक हुई है तथा 1699.84टन धान की खरीदी की गई है। समय पर फसल तैयार होने के कारण पिछले खरीदी के प्रारम्भ से ही धान की आवक शुरू हो गई है। जानकार एक सप्ताह बाद धान की आवक बढ़ने की उम्मीद जता रहे हैं।

रकबा कटौती की समस्या यथावत

अभी भी किसान ऑनलाईन गिरदावरी में धान के रकबे में हुई कटौती को लेकर परेशान हैं तथा सहकारी समिति एवं तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे एकीकृत किसान पोर्टल में कई किसानों के धान के रकबे का समावेश नहीं किया गया है। शासन द्वारा किसानों के छूटे रकबे के सुधार के लिए 25 नवम्बर तक की तिथि निर्धारित की गई है। प्रभावित किसानों का कहना है कि रकबा सुधार के लिए तहसील कार्यालय के कर्मचारी रकबा सुधार के लिए समिति में भेजते हैं वहीं समिति के कर्मचारी तहसील कार्यालय एकबार सुधार कार्य संचालित होने का हवाला देकर उन्हें वापस लौटा दे रहे हैं तथा इस संबंध में कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। निर्धारित तिथि तक रकबा में सुधार नहीं होने पर वे अपनी उपज को कहां बेचेंगे।

समिति कर्मचारी करेंगे खरीदी

आगामी कार्य दिवस से समिति के कर्मचारी धान की खरीदी करेंगे। इसी शर्त पर हड़ताल से उनकी वापसी हुई है। प्रशासन द्वारा धान खरीदी की निगरानी की जा रही है।

-सुनीता अग्रवाल
डीआरसीएस

शासकीय महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष रितेश जायसवाल थे अन्य अतिथियों में नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, गोरखनाथपुर पंचायत के सरपंच शिवनारायण सिंह, इंजी विनय सिंह पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव, दीना यादव थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वनवासी आदिवासी समाज सूरजपुर की जयंती भगत थीं,मुख्य वक्ता जयंती भगत ने जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास पर अत्यंत रोचक,प्रेरक और विस्तृत उद्बोधन प्रस्तुत किया,उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा,शहीद वीर नारायण सिंह,रानी दुर्गावती, शहीद लागुड़ नगेसिया,थिथिर उरांव, संत गहिरा गुरु, राज मोहिनी देवी, गुंडा धूर रघुनाथ शाह, शंकर शाह सहित अनेक जनजातीय महापुरुषों के संघर्ष, शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कोरी ने की, प्राचार्य कोरी ने अपने संबोधन में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जनजातियों की अस्मिता एवं वीरगाथाओं पर आधारित अपनी कविता का पाठ किया तथा उनकी कविता स्वस्ति भाग-17 का विमोचन भी इसी अवसर पर किया गया,एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अनुशासन के साथ कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,स्टाफ सदस्यों द्वारा जनजातीय परिधानों में उपस्थित होना कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिया था,जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने कहा कि महाविद्यालय परिवार ने अनुशासन, संस्कृति और जनजातीय गौरव के प्रति आदर का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है,उन्होंने जनजाति नायकों के योगदान को याद करते हुए छात्रों को उनके पदचिह्नों पर चलने का संदेश दिया,कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीमती मनीषा अंजलि तिर्की एवं निशांत मिंज द्वारा किया गया।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का राज्य स्तरीय आवास मेला आज से

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा राज्य स्तरीय आवास मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के शंकर नगर बीटीआई मैदान में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि आवास मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ 23 नवम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य अतिथि में होगा। प्रथम दिन 23 नम्बर को खैरागढ़ संगीत महाविद्यालय के कलाकार, पाश्व गायक विनोद राठौर द्वारा प्रस्तुति देंगे तथा आगंतुकों को लकी ड्रॉ से उपहार वितरण, 24 नवम्बर को कलिंगा बैंड द्वारा प्रस्तुति के अलावा छत्तीसगढ़ लोक गायिका कुमारी आरू साहू की प्रस्तुति के साथ ही आगंतुकों को लकी ड्रॉ से उपहार वितरण, 25 नवम्बर को मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम के आथित्य में समापन होगा। समापन के अवसर पर इंडियन रोलर बैंड द्वारा प्रस्तुति एवं छत्तीसगढ़ लोक गायक सुनील तिवारी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात आगंतुकों को लकी ड्रॉ से उपहार वितरण किया जाएगा।

करंजी रेलवे साइडिंग में खड़े ट्रेलर के निचले हिस्से में लटका मिला युवक का शव, मामला संदिग्ध

बिश्रामपुर। करंजी रेल्वे साइडिंग में पिछले सप्ताह भर से खराब स्थिति में खड़े ट्रेलर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का फांसी पर लटका हूआ शव देखा गया है,जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है,गौरतलब है कि करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत झुमरपारा से करंजी स्टेशन मार्ग पर स्थित साइडिंग के समीप मृतक 22 वर्षीय सावन कुमार सोनवानी पिता रामलाल सोनवानी निवासी चिरमिरी हल्दीबाड़ी का शव शनिवार को करंजी रेलवे साइडिंग में खड़े ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 3499 के निचले हिस्से में फांसी पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हूआ मिला है,करंजी पुलिस ने बताया कि युवक गत दिनों अपने ससुराल ग्राम दतिमा में रिश्तेदार के यहां चन्दनपान कार्यक्रम में शामिल होने आया था,शनिवार की सुबह चार बजे शौच के लिए अपने पत्नी को बताकर बाहर निकला था,जिसका आज सुबह शव मिला है,सूचना पर करंजी पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया,पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है,जिससे कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है,घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है,वहीं दूसरी ओर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजन का कहना है कि युवक का शव ट्रेलर वाहन के निचले हिस्से में लटका था,जिसकी ऊंचाई पांच फिट से भी कम है,आशंका जताई कि गला घोंटकर हत्या के बाद शव को फंदे पर टांग दिया गया है।पुलिस ने मामले में पीएम रिपोर्ट आने व जांच के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

- परिजन जता रहे हत्या होने की आशंका

एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस जयनगर-कुंजनगर मंडल की समीक्षा बैठक

बिश्रामपुर। जयनगर–कुंजनगर कांग्रेस मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में आयोजित की गई,मतदाता सूची के सत्यापन अभियान को लेकर यह बैठक की गई थी। बैठक में एसआईआर को लेकर पार्टी के बीएलओ की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियां और अब तक की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान मंडल के सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समझाया गया कि मतदाता सूची सुधार का यह अभियान संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी गंभीरता के साथ संपन्न किया जाना चाहिए,मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने उपस्थित पार्टी के बीएलओ से कहा कि मतदाता सूची सुधार अभियान में किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए, यदि किसी भी व्यक्ति का नाम गलत तरीके से सूची में दर्ज पाया जाता है तो उसे तुरंत हटवाने की पहल की जाए,एसआईआर की पूरी प्रक्रिया में बीएलओ की भूमिका सबसे प्रमुख है इसलिए समय सीमा और तथ्यात्मक शुद्धता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है,उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल एक औपचारिक कार्य नहीं, बल्कि जनता के मतदान अधिकार को संरक्षित करने की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है, बीएलओ को घर-घर जाकर सूची की पुष्टि करनी है और हर पात्र व्यक्ति को सूची में शामिल कराना ही संगठन की प्राथमिकता है,बैठक में मंडल स्तर पर संगठन को सुदृढ़ बनाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की रणनीति पर भी चर्चा की गई,बैठक में राजू सिंह, पवन अग्रवाल पोन्नी,भोजराज राजवाड़े,रामचंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रूपनारायण राजवाड़े, पूर्व नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष आशीष यादव, मो. शमीम पलिहा, वेद प्रकाश मिश्र, नीरज सिंह, विनय सिंह, अनिल राजवाड़े,मो. इकबाल सोनू, डॉ फिरोज, सुनीता खाखा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, पूर्व विधायक श्री राजवाड़े ने बीएलओ और पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन के इस अभियान को सफल बनाएं।

---

55 फीसदी मतदाताओं को नहीं मिला गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एसआईआर को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने ली समीक्षा बैठक

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत स्थित दसों सांगठनिक ब्लॉक के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के साथ ही साथ एसआईआर के लिये नियुक्त लोकसभा, विधानसभा, ब्लॉक के प्रभारी एवं सहप्रभारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में बूथवार आंकलन से यह स्पष्ट हुआ कि एसआईआर को लेकर प्रशासन के द्वारा जारी किए गए आंकड़े धरातल पे मौजूद यथार्थ से मेल नहीं खा रहे हैं। प्रशासन द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के अनुसार लगभग शतप्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण मतदाताओं तक हो चुका है। यथार्थ स्थिति में बीएलओ मतदाताओं तक जा ही नहीं रहे हैं। क्षेत्रवार लगभग 40 से 55 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई में ग्रामीणों के व्यस्त रहने के कारण एसआईआर के दैनिक कार्यावधि को बढ़ाने की बात सामने आई है। बैठक में मौजूद पार्टी के कई बूथ लेवल एजेंट ने बीएलओ द्वारा असहयोग और दुर्व्यवहार की जानकारी दी गई है। यह भी जानकारी सामने आई है कि कई स्थानों पर बीएलओ गणना प्रपत्रों का वितरण खुद न कर एक विशेष राजनीतिक दल के पदाधिकारियों और इस दल से संबंध रखने वाले पंच और पार्षदों के माध्यम से कर रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने ऐसी स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए यह निर्देश दिया है कि ऐसी गतिविधियों वाले बीएलओ के विरुद्ध संबंधित ईआरओ को तत्काल लिखित शिकायत की जाए। उन्होंने कहा है कि गणना प्रपत्रों के वितरण और उन्हें भरवाकर इकट्ठा करने के लिये अब मात्र 12 दिन का समय शेष है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि बीएलओ को अतिरिक्त मानवीय सहयोग उपलब्ध कराए। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी को निर्देश दिया है कि इन मुद्दों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी को आवेदन दिया जाए जिससे मतदाताओं की परेशानी कम हो।

संगठन सृजन अभियान
SANGATHAN SRIJAN ABHIYAN
Chhattisgarh

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रभारियों की नियुक्ति की

7 फरवरी 2026 तक चलने वाले एसआईआर की प्रक्रिया के समन्वय को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा, विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। सरगुजा लोकसभा के लिए निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद प्रभारी होंगे। अम्बिकापुर विधानसभा के लिए 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सीतापुर विधानसभा के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत और लुण्ड्रा विधानसभा के लिये सोमेश्वर सिंह प्रभारी नियुक्त हुए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में अम्बिकापुर शहर के लिए डॉ. अजय तिर्की, दरिमा के लिए राकेश गुप्ता, अम्बिकापुर ग्रामीण के लिए विनीत विशाल जायसवाल, लखनपुर के लिए विक्रमादित्य सिंहदेव, उदयपुर के लिए सिद्धार्थ सिंह, लुण्ड्रा के लिए मधु सिंह, धौरपुर मुनेश्वर राजवाड़े, सीतापुर डॉ लालचंद यादव, मैनपाट मो इस्लामुद्दीन और बतौली में संजीव मंदिलवार की नियुक्ति बतौर प्रभारी हुई है। प्रत्येक ब्लॉक में 2 से 3 सह प्रभारियों की भी नियुक्ति हुई है।

चलती बाइक से गिरा वृद्ध, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

अम्बिकापुर। पड़ोसी के साथ बाजार से खरीददारी कर घर लौट रहा वृद्ध चलती बाइस से सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रमकोला निवासी रन साय आ. स्व. सीताराम (79 वर्ष) शुक्रवार को पड़ोसी शेरू के साथ बाइक से प्रतापपुर बाजार खरीदारी करने आया था। बाजार से खरीदारी कर दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम बड़वार के समीप पहुंचे तभी चलती बाइक से वृद्ध सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायल वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी वृद्ध ने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजन वृद्ध को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।

एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता बनी कुसमुंडा की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- फाइनल मुकाबले में दीपका की टीम को 27 अंकों के बड़े अंतर से हराया
- एसईसीएल की कुल 16 टीमों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

एसईसीएल बिश्रामपुर के दशहरा प्रांगण स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता कुसमुंडा क्षेत्र की टीम ने जीत लिया है,शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कुसमुंडा की टीम ने दीपका को 57-30 के मुकाबले में 27 अंकों के बड़े अंतर से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली है।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन एसईसीएल बिरंची दास कार्यक्रम में किसी कारणों से शामिल नहीं हो पाने से उनकी जगह क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि रहे,वहीं अध्यक्षता महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने की,प्रतियोगिता में एसईसीएल के अलग अलग क्षेत्रों की कुल 16 टीमें शामिल हुई जिसमें लीग मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाली चार टीमें क्रमशः दीपका,सोहागपुर,गेवरा और कुसमुंडा ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की,पहले सेमीफाइनल में दीपका ने सोहागपुर को 26 के मुकाबले 41 अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया,साथ ही दूसरे सेमीफाइनल में कुसमुंडा ने गेवरा को 52 के मुकाबले 24 अंकों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई,शनिवार को दीपका और कुसमुंडा के बीच फाइनल मैच संपन्न हुआ जिसमें कुसमुंडा की टीम विजयी हुई,फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीम भावना खेल के साथ कार्य में भी दिखनी चाहिए तभी बेहतर प्रदर्शन कर पाना संभव है,उन्होंने कहा कि यहां पहुंची सभी टीमों ने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन पिछले तीन दिनों में दिखाया है,हार जीत तो जीवन का भी हिस्सा है, हार से निराश न होकर पूरे तन मन से अगले कदम के लिए हमें प्रयासरत रहना चाहिए,कॉर्पोरेट जगत में भी बेहतर टीम बिल्डिंग के साथ ही लक्ष्य प्राप्त कर पाना संभव है,उन्होंने सभी अतिथियों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सभी को बधाई दी,कार्यक्रम का स्वागत प्रतिवेदन महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने प्रस्तुत किया, मौजूद अतिथियों के हाथों दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया,कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक मानव संसाधन हरेंद्र तिवारी और अमन कश्यप ने संयुक्त रूप से किया।

विजेता व उपविजेता टीम के ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

फाइनल मुकाबले की विजेता कुसमुंडा टीम को विजेता की ट्राफी व दीपका की टीम को उपविजेता की टॉफी मुख्य अतिथि व मंचस्थ अतिथियों ने सौंपा, तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में बेस्ट कैचर गेवरा टीम के जयराम रहे,बेस्ट रेडर कुसमुंडा टीम के जयंत कुमार रहे,जबकि मैन ऑफ दी सीरीज दीपका के साहिल कुमार को प्रदान किया गया,आयोजन में कंपनी संचालन समिति सदस्य नाथूलाल पांडेय,सुजीत सिंह,अजय विश्वकर्मा,गोपाल नारायण सिंह,वीएम मनिहारी,बजरंगी शाही,राजेश शर्मा,अमृतलाल विश्वकर्मा,विजय मनोहर,रिस्टा के आर. पी खांडेय,ओपी नारंग,ए विश्वास,बी.धर्मराय,आर. सिदार सुरक्षा समिति सदस्य एसईसीएल संजय सिंह सहित सीएमओआई के पदाधिकारी, क्षेत्रीय कल्याण समिति सहित स्थानीय यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

5 दिनों के बाद जिंदगी की जंग हार गया नवजात

अंबिकापुर। मां के गर्भ से सीधे शौचालय में गिरा आखिरकार जिंदगी की जंग हार गया। पांच दिनों तक चले उपचार के बाद नवजात की मौत हो गई। चिकित्सकों का कहना है कि नवजात प्री मैच्योर था और उसके जैविक अंग अविकसित थे। ऐसे में उसे बचाना काफी मुश्किल था।

- सेप्टिक सीट में गिर गया था बच्चा, हुआ था प्री मैच्योर प्रसव

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के एमसीएच में प्रतापपुर के रामपति बाई पति सूरज को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला 7 माह की गर्भवती थी। इस दौरान 15 नवम्बर की सुबह 10.30 बजे महिला बाथरूम गई थी और उसके बाद वापस वार्ड में आकर सो गई थी। आधे घंटे बाद महिला को एहसास हुआ कि उसका पेट खाली है जिसके बाद हड़कंप मच गया। इस दौरान अस्पताल के सफाईकर्मियों ने बाथरूम के सेप्टिक सीट की जांच की तो नवजात सेप्टिक सीट के मुहाने में फंसा हुआ था जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था। बच्चे को अस्पताल के एसएनसीयू के वेंटिलेटर पर रखा गया था और चिकित्सक उसका उपचार कर रहे थे। बड़ी बात यह है कि बच्चा प्री मैच्योर था इसके बाद भी वह लगभग एक घंटे तक सेप्टिक सीट में फंसा रहा। चिकित्सकों के उपचार से दो दिनों बाद बच्चे की हालत में सुधार हुआ जिसके बाद उसे वेंटीलेटर से बाहर निकाल लिया गया था लेकिन बाद में फिर से उसकी तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद वेंटीलेटर में रखकर उसका उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान 20 नवंबर को नवजात जिंदगी की जंग हार गया। इस संबंध में सिविल सर्जन व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जेके रेलवानी ने बताया कि बच्चा प्री मैच्योर था इसके साथ ही उसके जैविक अंग पूर्णतः अविकसित थे। ऐसे बच्चों के बचने की संभावना कम रहती है। हमने अपनी ओर से प्रयास किया था।

बाथरूम गई महिला और हो गया प्रसव, एक घंटे तक सेप्टिक सीट में फंसा रहा नवजात

EKSHA ENTERTAINMENT PRESENTS
Durlabh Prasad ki Dusri Shadi

संजय और महिमा की फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 को होगी रिलीज...

मुंबई। अभिनेता संजय मिश्रा और महिमा चौधरी आगामी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म का पोस्टर पहले जारी हो गया था। अब निर्माताओं ने नया पोस्ट जारी करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख बताई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धांत राज ने संभाली है। एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन निर्माता हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' के पोस्टर ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का मोशन पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें महिमा दुल्हन के अवतार में हैं। वहीं संजय वरमाला लिए उनकी ओर देखते नजर आ रहे हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' अगले महीने 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रुख करने के लिए तैयार है।

लाइफ Style

दीपिका बनी थीं पहली ग्लोबल एंबेसेडर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीपिका पादुकोण सच में एक ग्लोबल आइकन हैं। जिस तरह वो भारतीय सिनेमा को इतनी शान और आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में लेकर गई हैं, वो कमाल है। उनकी अपनी अलग स्टाइल, जबरदस्त परफॉर्मेंस और उनकी नैचुरल करिश्मा ने उन्हें दुनिया भर में पसंद किया जाने वाला चेहरा बना दिया है।

फिल्मों से लेकर बिज़नेस तक, मेट गाला से लेकर फीफा वर्ल्ड कप तक, और यहां तक कि ऑस्कर तक दीपिका लगातार दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन करती रही हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस के तौर पर, जिसने कई और लोगों को दुनिया भर में चमकने का रास्ता दिखाया, दीपिका ने अपने सफर में बहुत लंबा रास्ता तय किया है। आज वह गर्व के साथ 'ग्लोबल इंडियन' कहलाती हैं और इसे वह अपनी नहीं बल्कि हम सबकी जीत मानती हैं। दीपिका, जो एक तरह से शुरुआत करने वाली रहीं, उन्होंने दुनिया भर के बड़े-बड़े लग्ज़री ब्रांड्स में भारत की बढ़ती पहचान को आगे बढ़ाने में बहुत अहम भूमिका निभाई है। वह पहली भारतीय थीं जिन्हें दुनिया के मशहूर और महंगे फैशन ब्रांड्स लुई वुइटन और कार्टियर ने अपना चेहरा बनाया। इसी से उन्होंने भारत की बढ़ती पहचान के लिए रास्ता तैयार किया और आने वाले सालों में बाकी भारतीय सितारों के लिए भी ये दरवाज़ा खोल दिया, ताकि वे भी इस नई लहर का हिस्सा बन सकें। एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि "एक एक्टर और बिज़नेसवुमन के तौर पर आपने सच में भारत को दुनिया के बड़े मंच तक पहुँचाया है।

हॉलीवुड मसाला

मिस यूनिवर्स के खिताब से चूकीं मनिका

लॉस एंजिल्स। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 का आयोजन हुआ। इसमें मैक्सिको की मॉडल फातिमा बॉश ने जीत दर्ज की। पेजेंट में दुनियाभर की सुंदरियों के साथ भारत की मनिका विश्वकर्मा ने भी हिस्सा लिया। उनका ताल्लुक राजस्थान से है। इस बार मिस यूनिवर्स की प्रतियोगिता में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह पेजेंट के टॉप 12 पार्टिसिपेंट्स में जगह नहीं बना सकीं। मनिका विश्वकर्मा की मिस यूनिवर्स के लिए दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही थी। उन्होंने पेजेंट में टॉप 30 में जगह बना ली थी। हालांकि टॉप 12 में वह जगह नहीं बना सकीं।

रैपर ट्रैविस स्कॉट के साथ जमकर झूमे फैंस...

मुंबई। अपनी धुन पर पूरी दुनिया को झूमने पर मजबूर करने वाले मशहूर रैपर ट्रैविस स्कॉट इन दिनों भारत में हैं। दिल्ली में उनके कार्यक्रम को अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद मुंबई में उनका कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और उनके साथ झूमते-गाते नजर आए। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट गाना गा रहे हैं साथ में डांस कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और चश्मा लगाया है। रैपर के साथ उनके फैंस भी झूम रहे हैं। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट से एक दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ कर्मचारी फैंस पर मशीन से पानी छिड़क रहे हैं। दावा है कि ज्यादा लोगों के जमा हो जाने से वातावरण का तापमान गर्म हो गया।

'भाभीजी घर पर हैं' करेगी धमाका

मुंबई। टीवी का चर्चित कॉमेडी शो 'भाभीजी घर पर हैं' अब बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार है। अभिनेता आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे और रोहिताश गौड़ अभिनीत यह शो करीब एक दशक से लोगों का मनोरंजन करता आ रहा है। काफी समय पहले ऐलान किया गया था कि निर्माता इस शो पर फिल्म बना रहे हैं, जिसे जानने के बाद लोग उतावले थे। आखिरकार 'भाबीजी घर पर हैं-फन ऑन दा रन' की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक और पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'भाभीजी जो अब तक घर पर थीं, अब बड़े पर्दे पर आएंगी।' पोस्टर में शुभांगी (अंगूरी भाभी) विदिशा शर्मा (अनीता भाभी) और को दुल्हन की पोशाक में हैं। एक अन्य पोस्टर में दोनों के अलावा आसिफ और रोहिताश भी अस्त-व्यस्त हालात में दिख रहे हैं।



अनीत संग ऐसा-वैसा कुछ भी नहीं...

मुंबई। सैयारा' फिल्म से रातों-रात चर्चा में आए अभिनेता अहान पांडे इंटरनेट के सबसे चर्चित सेलिब्रिटी बन चुके हैं। काम से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी लोगों का ध्यान खींचती रहती है। ददरअसल, सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि अभिनेता अपनी सह-अभिनेत्री अनीत पड्डा को डेट कर रहे हैं। इस बीच, फिल्म निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया ने अहान और अनीत के रिश्ते की अफवाह को फिर से हवा दे दी। अब 'सैयारा' अभिनेता ने खुद ही सच बता दिया है। अहान ने हालिया इंटरव्यू में, 'सैयारा' अभिनेत्री संग उन्हें जोड़ने वाली अफवाहों को खारिज किया है। एक बातचीत में उन्होंने अनीत को सिर्फ अच्छा दोस्त बताया है। अभिनेता ने कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। पूरा इंटरनेट यही सोच रहा है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं।

टीवी मसाला

'बिग बॉस 19' के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए खुलासे...

मुंबई। 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं।

किचन में लिफ्ट वाला दावा : 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं।

फैक्टरीज के सवाल का दिया जवाब : इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार का कामकाज पूरी तरह पारदर्शी है और तान्या ने जो कुछ बताया, वह किसी भ्रम या दिखावे के लिए नहीं था, बल्कि उनके वास्तविक अनुभवों पर आधारित था।

रुबीना के पति अभिनव के साथ हुआ धोखा

नई दिल्ली। टीवी की चर्चित जोड़ी रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हाल ही में टीवी शो 'पति पत्नी और पंगा' के विजेता बने थे। दोनों की जीत का जश्न अभी थमा नहीं था कि अभिनेता ने चौंकाने वाली खबर सुना दी है। अभिनव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस वीडियो के माध्यम से वह अपने प्रशंसकों को जागरुक करने की कोशिश भी करते दिखे। अभिनव ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लोन के लिए अप्लाई किया था। बाद में पता चला कि उनके पैन कार्ड से धोखाधड़ी के जरिए 5-6 लोगों ने कई लोन ले रखे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह वीडियो इसलिए जारी कर रहे हैं, ताकि किसी और के साथ ऐसा न हो सके।

फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट कार्ड, 2 हुईं बुरी तरह फ्लॉप

मुंबई। अभिनेता और निर्माता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और फरहान जोर-शोर से इसका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। समीक्षकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड कैसा रहा?

'द स्काई इज पिंक' : फरहान को आखिरी बार सिनेमाघरों में फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जो साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में वो प्रियंका चोपड़ा के साथ इश्क लड़ाते नजर आए थे। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफ मिली थी।समीक्षकों से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन 24 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म भारत में बस 20 करोड़ रुपये कमा पाई थी। 'स्काई इज पिंक' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

'लखनऊ सेंट्रल' : साल 2017 में फरहान 'लखनऊ सेंट्रल' लेकर आए थे। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर मुरादाबाद में रहने वाले किशन मोहन गिरहोत्रा (फरहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म को दर्शकों ने साफ नकार दिया था, वहीं समीक्षकों से भी इसे हरी झंडी नहीं मिली। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म को 11 करोड़ कमाने में भी पसीने छूट गए थे। बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

'रॉक ऑन 2': साल 2016 में रिलीज हुई फरहान की 'रॉक ऑन 2' को काफी उम्मीदों के साथ बनाया गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू नहीं चला पाई। नोटबंदी के समय रिलीज होने की वजह से दर्शक सिनेमाघरों तक नहीं पहुंच पाए और फिल्म की कमाई बुरी तरह प्रभावित हुई। इसके अलावा कहानी और गाने भी 'रॉक ऑन' का मुकाबला न कर पाए। 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी ये फिल्म बस 10 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।

'वजीर' और 'दिल धड़कने दो': अमिताभ बच्चन के साथ आई फरहान की 'वजीर' ने 35 करोड़ की लागत में 41 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत रहा। ये फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी लिव पर है। उधर 'दिल धड़कने दो' में फरहान ने एक्टिंग भी की। वो फिल्म के डायलॉग राइटर और निर्माता भी थे। रणवीर सिंह भी इसमें अहम भूमिका में थे।

'सूर्या 47': पुलिसवाले बनकर 8 साल बाद पर्दे पर लौटेंगे सूर्या, एक्शन से भरपूर होगी फिल्म

मुंबई। दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या पुलिसवाले बनकर फिर पर्दे पर धमाल मचाएंगे। उनकी नई फिल्म 'सूर्या 47' से जुड़ी जानकारी लोगों को उत्साहित करने आ गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जीतू माधवन संभाल रहे हैं। दोनों साथ मिलकर एक्शन, कॉप फिल्म बनाने की तैयारी में हैं, जिसकी शूटिंग दिसंबर, 2025 में शुरू हो सकती है। पुलिस अधिकारी के किरदार में सूर्या को 'सिंघम 3' में देखा गया था। यह फिल्म 8 साल पहले 2017 में रिलीज हुई थी।

'सूर्या 47' में ये अभिनेत्री आ सकती है नजर

रिपोर्ट के मुताबिक, अस्थायी नाम वाली 'सूर्या 47' में मुख्य अभिनेत्री के रूप में नाजरिया नाजिम फहाद नजर आ सकती हैं। उन्हें सोनी लिव की हालिया वेब सीरीज 'द मद्रास मिस्ट्री' में देखा गया है। पहले चर्चा थी कि सूर्या और नाजरिया फिल्म 'पुरानानूरु' में काम करेंगे, लेकिन अब यह परियोजना रद्द हो गई है। सूर्या के काम की बात करें, तो अभिनेता को आखिरी बार फिल्म 'रेट्रो' में देखा गया था। यह फिल्म मई, 2025 में रिलीज हुई थी।

केरल में फिल्मांकन शुरू होने की संभावना

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सूर्या 47' की शूटिंग 8 दिसंबर, 2025 से शुरू हो सकती है। टीम द्वारा अन्य जगहों पर जाने से पहले, फिल्मांकन केरल में शुरू होने की संभावना है। हालांकि ये अपडेट अटकलें हैं, क्योंकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। यह बात अलग है, कि अगर अफवाहें सच हुईं तो सूर्या और जीतू की जोड़ी दोबारा साथ करेगी। इससे पहले दोनों फिल्म 'सोरारई पोटरु स्टार' और 'आवेशम' में काम कर चुके हैं।

शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी

ऑस्कर 2026 में बड़ा बदलाव, मिलेगा ये खास पुरस्कार; कौन होगा जीत का हकदार?

कास्टिंग करने वालों को भी मिलेगा पुरस्कार

20 साल से ज्यादा समय के बाद ऑस्कर में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है। इस नई श्रेणी का पुरस्कार कास्टिंग के लिए होगा। कास्टिंग अवॉर्ड का मतलब है कि उस फिल्म के लिए सबसे अच्छे अभिनेताओं और कलाकारों को चुनने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार उन लोगों की मेहनत को पहचानता है, जो फिल्म के लिए सही कलाकारों का चुनाव करते हैं। इस श्रेणी के आने के बाद अब ऑस्कर में कुल 24 पुरस्कार होंगे।

लॉस एंजिल्स। फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह ऑस्कर का इंतजार दुनियाभर के सिनेप्रेमियों को है। ऑस्कर 2026 से जुड़ीं आए दिन रोचक जानकारियां सामने आ रही हैं और अब इस पर ऐसा धमाकेदार अपडेट आया है, जिससे इस प्रतिष्ठित समारोह का इंतजार कर रहे प्रशंसक और बेसब्र हो जाएंगे। दरअसल, ऑस्कर 2026 अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। 20 साल से अधिक समय के बाद पहली बार अकादमी अवॉर्ड्स में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है।

कास्टिंग निर्देशक चुनेंगे ऑस्कर की टॉप 10 फिल्में

फिल्मों के लिए सही कलाकार चुनने वाले कास्टिंग निर्देशक ही तय करेंगे कि कौन-सी फिल्में इस पुरस्कार के लिए आगे बढ़ेंगी। ये लोग सबसे पहले 10 फिल्मों को शॉर्टलिस्ट करेंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे गाने, डॉक्यूमेंट्री, साउंड, विजुअल इफेक्ट्स, मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और शॉर्ट फिल्म्स जैसी कुछ और श्रेणियों के पुरस्कारों के लिए किया जाता रहा है। शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी और फिर 22 जनवरी को नामांकन पाने वाली फिल्मों के नाम सामने आएंगे।

ऑस्कर 2026 भारत में कब और कहां देख सकेंगे?

ऑस्कर 2026 का मजा दोगुना करेंगे मशहूर कॉमेडियन कॉनन ओ'ब्रायन, जो खुद भी इस समारोह की मेजबानी करने की पुष्टि कर चुके हैं। ऑस्कर का आयोजन सोमवार, 16 मार्च 2026 को होगा। भारत में इस समारोह को सुबह 4:30 बजे से 7:30 बजे तक लाइव देखा जा सकेगा। इसके अलावा भारत की तरफ से करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है।

साल 2001 के बाद से अब जुड़ी ऑस्कर में एक नई श्रेणी

अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर एंड साइंसेज ने साल 2001 के बाद से अब तक कोई नई श्रेणी नहीं जोड़ी थी। 2001 में आखिरी बार बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म नाम से नई श्रेणी बनाई गई थी। अब इतने सालों बाद पहली बार कोई नई श्रेणी कास्टिंग अवॉर्ड जुड़ी है। इससे न केवल कास्टिंग निर्देशकों की मेहनत को मान्यता मिलेगी, बल्कि यह दर्शाता है कि ऑस्कर समय के साथ बदल रहा है और इंडस्ट्री के हर पहलू को सम्मान दे रहा है।

खबर संक्षेप

सीमा ने पीएससी परीक्षा में रचा इतिहास

कोसीर। परसकोल की होनहार बेटी सीमा पटेल ने अपनी लगन, संघर्ष और अथक परिश्रम से पीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर जिले का मान बढ़ा दिया है। सीमा पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति पटेल की सुपुत्री एवं भाजपा नेता मोती पटेल व हीरा पटेल की भतीजी हैं। इस सफलता के साथ ही उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का माथा गर्व से ऊँचा कर दिया है। सीमा पटेल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने जिले में हर्ष और उत्साह का वातावरण बना दिया है। नारी शक्ति व बेटियों के लिए वह एक नई मिसाल बनकर उभरी हैं। उनकी इस चमकदार सफलता से क्षेत्र की सभी बेटियों को नई दिशा और प्रेरणा मिली है कि अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी मंज़िल असंभव नहीं। परिवार की यह दूसरी बड़ी उपलब्धि है पूर्व में भी सीमा के भाई ने पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले में गौरव का परचम लहराया था। लगातार दो सफलताएँ प्राप्त कर इस परिवार ने शिक्षा और समाज के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। सीमा पटेल ने कहा कि उनका यह सपना कड़ी मेहनत और गुरुजनों परिवार के सहयोग से पूरा हुआ है। उन्होंने सभी युवाओं, विशेषकर बेटियों से आह्वान किया कि वे निरंतर मेहनत करें और अपनी क्षमता छोटे से गाँव से निकलकर बड़े सपनों को साकार करने वाली सीमा पटेल आज युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं।

लिटिल एंजल स्कूल के 36 खिलाड़ियों ने जीते कप

पुसौर। पुसौर क्षेत्र के तडोला में स्थापित लिटिल एंजील स्कूल शिक्षा, संस्कृति और खेल को लेकर प्रसिद्धि पाने में किसी का मोहताज नहीं बल्कि स्वयं के मेहनत और बुद्धि के बल पर लगातार आगे बढ रहा है। उक्त स्कूल के संस्था प्रमुख संजय प्रधान, प्राचार्य एवं स्टाफ सदैव इसके लिए होमवर्क करते रहे हैं कि कैसे हम अपने छात्रों को आगे बढाएं। जानकारी के मुताबिक उक्त स्कूल में सीबीएससी कोर्स संचालित है जिसके कारण पुसौर क्षेत्र ही नहीं दूसरे क्षेत्र के लोग आकर उक्त स्कूल में अध्ययनरत है। चूंकि संस्कार और खेल में भी यहां के छात्र अपने केरियर को संवार सकते हैं। सूत्रो के मुताबिक नेशनल स्तर पर यहां के 5 छात्र पहुंच चुके हैं वहीं बालीबाल स्टेट लेबल में 4 छात्रा तथा 2 छात्र है।

श्रद्धांजलि

सिलकू राम भगत

जशपुरनगर। तहसील न्यायालय दुलदुला में वर्ष 1991 से सेवा देने वाले सेवानिवृत्त पूर्व रीडर एवं सहायक ग्रेड–2 सिलकू राम भगत के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। बीते 11 नवम्बर 2025, मंगलवार को दुलदुला स्थित उनके निवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व. सिल्कू राम भगत ने गायत्री मंदिर और शिशु मंदिर के निर्माण के लिए 50 डिसमिल जमीन दान देकर उन्होंने समाज सेवा का बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष नेहरू सोनी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

समक्ष नोटरी महोदय, पत्थलगांव,
जिला-जशपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं हेमचन्द्र जोशी पिता स्व. श्री तुलाराम जोशी, उम्र- 56 वर्ष, जाति-ब्राम्हण, निवासी ग्राम- कापू तहसील-कापू, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) का मूल निवासी हूँ, जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि:-
1/ यह कि मैं दर्शाये उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2/ यह कि मेरे पुत्री के नाम पर जारी आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम क्रतिका दर्ज हो गया है।
3/ यह की मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम कृतिका जोशी दर्ज है, जो कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम है।
4/ यह कि मेरी पुत्री को शिक्षा संबंधी कार्य हेतु उक्त आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम सुधार करने की आवश्यकता हुई है।
5/ यह कि मेरी पुत्री के नाम पर जारी आधार कार्ड में सुधार करने के संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।
दिनांक – 23.11.2025
शपथकर्ता- **हेमचन्द्र जोशी**

सत्यापन

मैं हेमचन्द्र जोशी पिता स्व.श्री तुला राम जोशी, उम्र- 56 वर्ष, जाति-ब्राम्हण, निवासी कापू, तह.-कापू, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र के सभी कथन मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।
पत्थलगांव
दिनांक 23.11.2025
सत्यापनकर्ता- हेमचन्द्र जोशी

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए

स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर नहीं पहुंच रही दवा, प्रभारी सचिव ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बैठक लेते प्रभारी सचिव और उपस्थित अधिकारी।

जिले के प्रभारी सचिव एवं वाणिज्य उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रजत कुमार ने बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की। प्रभारी सचिव रजत कुमार जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे। प्रभारी सचिव ने समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का संबंधित अधिकारी अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। आगामी समीक्षा बैठक तक प्रगति होनी चाहिए। प्रभारी सचिव को जानकारी मिली की अस्पतालों में देरी से दवाई पहुंचती है। इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दूरस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों में दवा उपलब्ध कराने में विलंब पर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से मिले और कोई भी वंचित न रहे।

प्रभारी सचिव ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित है इसलिए विभागीय समन्वय एवं समयबद्ध क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री कृषक उन्नति योजना, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत तिलहन क्षेत्र विस्तार, प्रधानमंत्री आशा योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति सहित प्रमुख कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अंतर्गत अपार आईडी, छात्रों के आधार कार्ड निर्माण, शिक्षकों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम सुधार पर बल दिया। खाद्य विभाग के अंतर्गत उज्ज्वला 3.0 योजना में गैस कनेक्शन वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए मिले लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल उपलब्धता की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चार महीने में दिखना चाहिए प्रगति

प्रभारी सचिव ने लंबित प्रकरणों और प्रथम किस्त भुगतान को शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में चल रहे अधोसंरचना विकास के कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को अगले चार महीने में कार्य प्रगति लाने के निर्देश दिए। शासन की महत्वाकांक्षी धान खरीदी पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं सहित रेडी टू ईट उत्पादन, महतारी वंदन योजना के ई.केवाईसी, पोषण सुधार, स्वास्थ्य विभाग में एनसी पंजीयन, दवा उपलब्धता, आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं दूरस्थ अंचलों में टेलीमेडिसिन सेवा की प्रगति की समीक्षा की।

शिकार के लिए करंट का जाल बिछाते एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ वनमण्डल में चलाए जा रहे एंटी स्नेयर वॉक अभियान के दौरान वन विभाग की टीम ने वन परिक्षेत्र रायगढ़ के अंतर्गत बंगुरसिया पश्चिम कक्ष क्रमांक 946, नारंगी क्षेत्र में वन्य प्राणी शिकार के लिए 11 केवी विद्युत तार से सेटरिंग तैयार कर फंदा बिछाते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया। रायगढ़ डीएफओ ने बताया कि आरोपी जय सिंह, पिता कार्तिकराम राठिया, उम्र 39 वर्ष, निवासी छिरवानी, बिजली के केबल का इस्तेमाल कर वन्य प्राणियों के शिकार की कोशिश कर रहा था।

मौके से सेटरिंग तार और विद्युत तार बरामद किए गए। वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को न्यायालय रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में मुख्य रूप में उप वनमण्डलाधिकारी एमएम मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय लकड़ा, प्रशिक्षु वन क्षेत्रापाल परिक्षेत्र सहायक बंगुरसियां पश्चिम ज्योति धुरव, उप वनक्षेत्रपाल हेमलाल जायसवाल, वनपाल पस जामगांव मधुसुदन बरिहा, वनरक्षक सुखलाल खड़ीया, पालू राम साहू वनरक्षक, आशीष बानी वनरक्षक, दुरवाशा धनवार सुरक्षा श्रमिक, सबिन उरांव सुरक्षा श्रमिक, सिमोन केरकेट्टा सुरक्षा श्रमिक एवं तुलसी बसोड़ का योगदान रहा।

गौरव पथ निर्माण में गड़बड़ी नगरवासियों ने की जांच की मांग

बिलाईगढ़। जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ, पूर्व पार्षदों, आम नागरिकों के बढ़ते दबाव के बाद भले ही गौरव पथ निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है, लेकिन निर्माण की शुरुआत के साथ ही भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं। कुछ माह पहले नगर के गौरव पथ निर्माण को लेकर मीडिया रिपोर्टस में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील चौधरी को विकास पुरुष बताते हुए यह दावा किया गया था कि बिलाईगढ़ को व्यवस्थित, आधुनिक और सुविधाजनक शहर बनाने की दिशा में यह एक साहसी प्रशासनिक पहल है। तब कहा गया था कि गौरव पथ का उद्देश्य सिर्फ सड़क निर्माण नहीं, बल्कि मुख्य मार्ग पर यातायात अवरोध, अव्यवस्थित पार्किंग और ख़राब ड्रेनेज जैसी मूल समस्याओं का स्थायी समाधान करना है। अब इसकी जांच की मांग की जा रही है। साथ ही 132 करोड़ रुपए की जल आवर्धन योजना को ध्यान में रखते हुए पाइपलाइन बिछाने के लिए सुरक्षित स्थान और भविष्य को देखते हुए पैदल यात्रियों व दिव्यांगों के लिए व्यवस्थित फुटपाथ बनाने की भी बात कही गई थी, लेकिन अब ज़मीनी हकीकत इन दावों के विपरीत है। इससे कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है।

इसे लेकर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरु हो गया है। लोगों का आरोप है कि कहीं 1 फीट तो कहीं 1 मीटर तक मार्किंग रोज़ बदल रही है। दूसरी ओर वार्डवासी और व्यापारी कुछ स्थानों से अत्यधिक ज़मीन ली जा रही है, जबकि कुछ लोगों को जानबूझकर संरक्षित रख कर जगह छोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। इसे लेकर भारी नाराज़गी है। इसी तरह लोगों ने कहा कि पहले कहा गया था कि पैदल यात्रियों और दिव्यांगों के लिए सुंदर व सुरक्षित फुटपाथ बनाया जाएगा, लेकिन वर्तमान निर्माण में फुटपाथ के लिए कोई स्पष्ट स्थान नहीं छोड़ा गया। जिससे आशंका है कि गौरव पथ बनने के बाद फिर से तोड़फोड़ कर फुटपाथ बनाया जाएगा। दूसरी ओर 132 करोड़ की जल आवर्धन योजना की मुख्य लाइन के लिए आवश्यक स्थान छोड़े जाने की बात कही गई थी। लोग आरोप लगा रहे हैं कि पाइप लाइन बिछाने की जगह ही नहीं छोड़ी जा रही।

आयुर्वेद विभाग ने किया विभिन्न गतिविधियां

रायगढ़। पुसौर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा में चिकित्सा शिविर का आयोजन कर स्क्रीनिंग की जा रही है। जिसमें गाँव के वृद्ध लोग ज्यादा लाभ उठा रहे हैं। शिविरो में जरूरत मंद मरीजों का इलाज कर निशुल्क दवाईया दी जा रही है। आर्युवेद से जुड़ी दवाईया खान पान परहेज करने पर ज्यादा कारगर होती है। मौसम के अनुसार खान पान आहार विहार दिनचर्या प्राकृतिक चिकित्सा का अंग है इस संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार प्रचार प्रसार एवं शिविर के आयोजन से जनता आयुर्वेद पद्धति को भली भाँति जानने लगे हैं। नवम्बर माह में शिविर में 257 ग्रामीण रोगी स्वास्थ्य लाभ लिए। वहीं शालेय स्वास्थ्य परीक्षण में 145 बच्चे लाभ लिए। हर महीने पांच गांव में शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर रनभाटा, जिलाडी, सिलादि, रायपाली, नावापारा में लगाया गया। इन शिविरो में मरीजों को वितरित की जाने वाली औषधि गुणवत्ता युक्त रहती है जिसे सीजीएमएससी द्वारा आपूर्ति की जाती है।

वार्षिक आध्यात्मिक सम्मेलन में साधु संतों ने किया धुनी यज्ञ

सरिया। अलेख महिमा आश्रम में प्रतिवर्ष आश्रम का वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। इस बार भी आश्रम में वार्षिक उत्सव के दौरान साधु संतों का समागम के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिमा धर्म के सिद्ध बाबा साधु संत पहुंचे। तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दौरान साधु संतों के आशीर्वचन पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा प्रवचन में शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

- दर्शन व भंडारे का प्रसाद लेने उमड़े श्रद्धालु

इस दौरान सिद्ध साधु संत बाबा वीरेंद्र दास के दर्शन के लिए सरिया सहित उड़ीसा प्रांत से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। 20 से 22 नवंबर तक आयोजित वार्षिक उत्सव में साधु संतों के द्वारा धुनी यज्ञ भी किया गया। जिसमें श्रद्धालु जन धुनी में शुद्ध देसी घी, श्रीफल एवं अन्य पूजन सामग्री के साथ यज्ञ में आहुति दी। तत्पश्चात यज्ञ स्थल का साधु संतों के साथ परिक्रमा कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना भक्त जनों ने की। इस मौके पर भक्तों ने साधु संतों से आशीर्वाद लिया। वार्षिक उत्सव के दौरान ब्रह्मा अवधूत बाबा वीरेंद्र दास के हाथों महिमा धर्म का वार्षिक पत्रिका महिमा प्रभा का विमोचन किया। विदित हो कि सन 1999 से वार्षिक पत्रिका महिमा प्रभा का लेखन नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक, कवि त्रिलोचन पटेल के द्वारा किया जाता है। महिमा धर्म पर आधारित महिमा प्रभा पत्रिका के 27 वां अंक का विमोचन 22 नवंबर शनिवार को महिमा आश्रम सरिया में साधु संतों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दौरान शनिवार को अंतिम दिवस को महिमा आश्रम में महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो कि विगत गई वर्षों से ग्राम लुकापारा के युवाओं की टीम के द्वारा महा भंडारे में निःशुल्क सेवा देकर भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। उनके कार्यों की सराहना श्रद्धालुओं द्वारा की गई है।

डीएमएफ मद से ओपीडी व पोस्ट ऑपरेटिव कक्ष का निर्माण

कटेली। डीएफएफ मद से अस्पताल परिसर में ओपीडी प्रतीक्षा कक्ष सह निःशुल्क दवा वितरण कक्ष तथा पोस्ट ऑपरेटिव कक्ष 7 बिस्तर का निर्माण पूर्ण किया गया है। इन दोनों महत्वपूर्ण संरचनाओं के तैयार होने से मरीजों को अब बेहतर, सुरक्षित और व्यवस्थित चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

आधुनिक ओपीडी प्रतीक्षा कक्ष में बैठने की आरामदायक व्यवस्था, पेयजल तथा दवा वितरण की सुचारु सुविधा सुनिश्चित की गई है। वहीं 7 बिस्तरों वाला पोस्ट ऑपरेटिव कक्ष गंभीर मरीजों तथा ऑपरेशन पश्चात देखभाल की जरूरत वाले रोगियों के लिए बड़ी राहत बनकर तैयार हुआ है। कलेक्टर संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन और निरंतर निरीक्षण से कार्य समयसीमा में पूरा हो सका। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जिले की स्वास्थ्य जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाल ही में सारंगढ़ प्रवास के दौरान इस सुविधा निर्माण की घोषणा की गई थी, जो अब पूरी हो चुकी है। सरकार की घोषणाओं को धरातल पर उतारने में प्रशासन की सक्रियता साफ दिखाई दे रही है।

पोषण सुरक्षा के लिए एनटीपीसी लारा ने किया किसानों को पौधा वितरण

पोषण वाटिका
पौधा वितरण कार्यक्रम
दिनांक 21.11.2025

रायगढ़। एनटीपीसी लारा द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्थानीय समुदाय में पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने और घर घर में हरी सब्ज़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ बागबानी कार्य को बढ़ावा देने की उद्देश्य से किसानों को अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लारा के हाथों उन्नत किश्म के पौधा दिनांक 21 नवम्बर 2025 को वितरण किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा इस पहल का उद्देश्य है की पारंपरिक कृषि के अतिरिक्त लोगों को नई कृषि प्रणाली से जागरूक करना एवं इसके माध्यम से उनका आर्थिक अभिवृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मुनगा, पपीता, सहजन के साथ ही ड्रेगन फ्रूट की पौधे वितरित किए गए। साथ ही, रायगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों द्वारा जैविक खाद के उपयोग, पौधों की देखरेख एवं नियमित सिंचाई के महत्व पर उपयोगी जानकारी भी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि पोषण वाटिका का उद्देश्य है परिवारों को सिर्फ ताज़ीए स्वच्छ और पौष्टिक सब्ज़ियाँ उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि ड्रेगोन फ्रूट जैसी कैश क्रॉप को क्षेत्र में बढ़ावा देना है ताकि किसानों की आमदानी में बढ़ौतरी हो। बाड़ी में ताजी हरी सब्जी मिलने से जहां कुपोषण की रोकथाम होगी और स्वास्थ्य संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। एनटीपीसी लारा द्वारा समय समय पर ऐसी सामुदायिक पहलें आयोजित की जाती हैं ताकि आसपास के गाँवों में सतत विकास और जीवन स्तर में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष मानव संसाधन जाकिर खान, विभागाध्यक्ष सतर्कता हरी शंकर पटेल एवं कृषि विज्ञान केंद्र की अधिकारी बीएस राजपूत एवं बड़ी संक्षा में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक ने किया सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का निरीक्षण

सरसीवा। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला का सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस के वार्षिक निरीक्षण के लिए सारंगढ़ आगमन हुआ। जहां उन्होंने एसडीओपी बिलाईगढ़ कार्यालय तथा सरसींवा थाना का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुलिस कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण, आम जनता से व्यवहार के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के द्वितीय दिवस क़ो प्रातः खेलभाठा मैदान सारंगढ़ में परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पुलिस सम्मलेन में जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की समस्यायें, गुजारिश सुनकर उनके त्वरित निराकरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को आवश्यक निर्देश दिए तथा सभी अधिकारी कर्मचारीयों को अनुशासित रहकर अपने विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ ही आम जनता से बेहतर व्यवहार करने अपने परिवार एवं अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन दिया सइसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखाओं एवं रक्षित निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने दी दबिश, 400 क्विंटल धान था डंप

गोदाम में डंप 12 लाख का अवैध धान का जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार को धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम पीपरमार में 400 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई। इसकी कीमत करीब 12 लाख 40 हजार आंकी गई है। यह कार्रवाई एसडीएम धरमजयगढ़ प्रवीण भगत के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा की गई।

एसडीएम धरमजयगढ़ भगत ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ग्राम पीपरमार गोदाम में मुकेश अग्रवाल अधिसूचित कृषि उपज के स्वामी जितेन्द्र अग्रवाल के पास 400 क्विंटल अवैध धान भंडारित पाया गया। जिसें जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अनुविभागीय स्तर पर गठित टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मण्डी निरीक्षक घरघोड़ा नारायण दास मौजूद रहे। इस कार्रवाई से धरमजयगढ़, लैलूंगा क्षेत्र में हड़कंप मचा है। संयुक्त टीम अवैध धान बिक्री को रोकने प्रयास कर रही है।

खितेश्वर और लक्ष्मी का सिविल सेवा में चयन

रायगढ़। खितेश्वर प्रसाद राठिया और लक्ष्मी राठिया ने सिविल सेवा में चयनित होकर राठिया समाज का मान बढ़ाया है। जिससे समाज ही नहीं पूरे जिलेवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया ने इस सफलता के लिए दोनों को बधाई दी। विधायक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में पोस्ट करते हुए लिखा कि ग्राम मुनुन्द के खितेश्वर प्रसाद राठिया को महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बनने पर बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाए। इसी तरह लक्ष्मी राठिया के सिविल सेवा में चयन होने पर उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि आप हमारे समाज के गौरव और मिसाल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411